दिन–बुधवार दिनांक– 14/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि किसान, राष्ट्र निर्माण में सशक्त भागीदार हैं और उनके प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार, किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए अथक प्रयास कर रही है। श्री मोदी आज सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन के आवास पर आयोजित पोंगल समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समय देश के अन्य क्षेत्र भी लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और पोंगल जैसे त्योहार मनाये जा रहे हैं। यह, एक भारत–श्रेष्ठ भारत की भावना को और मजबूत करता हैं।

————————————————————

प्रदेश में आज मकर संक्रांति का त्योहार पारम्परिक आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालु गंगा सहित अन्य पवित्र नदियों और सरोवरों में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि श्रद्धालु पवित्र स्नान के बाद पूजा–पाठ कर दान–पुण्य कर रहे हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आज सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते ही उत्तरायण हो गए हैं। साथ ही आज से खरमास भी समाप्त हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णऩ, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मकर संक्रांति के अवसर पर लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

————————————————————

मकर संक्राति के अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा दही–चूड़ा भोज का आयोजन किया जा रहा है। पटना स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित भोज में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। जदयू विधायक रत्नेश सदा के आवास पर आयोजित दही–चूड़ा भोज में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत जदयू के कई नेता उपस्थित थे। इधर, जनशक्ति जनता दल प्रमुख तेज प्रताप यादव के आवास पर आयोजित भोज में

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता शामिल हुए।

———————————————————————

प्रदेश की सभी पंचायतों में अब स्थानीय जैव विविधता के संवर्द्धन को ध्यान में रखकर विकास योजनाएं तैयार की जाएगी। बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद के संयुक्त निदेशक हेमकांत राय ने बताया कि इसके लिए प्रत्येक पंचायत में मुखिया की अध्यक्षता वाली जैव विविधता प्रबंधन समितियों को सक्रिय कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए सभी पंचायतों को दस–दस हजार रुपये भी उपलब्ध कराये गये हैं। श्री राय ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को देखते हुए सरकार ने यह फैसला किया है।

———————————————————————

परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि सरकार अब ग्रामीण सड़कों पर भी दुर्घटना में घायल लोगों को इलाज के लिए सहायता उपलब्ध करायेगी। श्री कुमार ने बताया कि दुर्घटना के शिकार लोगों को डेढ़ लाख रूपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जायेगी। नई दिल्ली में आयोजित देशभर के परिवहन मंत्रियों की बैठक में लिये गये फैसले की जानकारी देते हुये उन्होंने कहा कि इलाज की सुविधा पूरी तरह कैशलेस होगी। श्री कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों को पच्चीस हजार रूपये का ईनाम दिया जायेगा।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिली है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है। आज भागलपुर का सबौर, रोहतास का डेहरी और औरंगाबाद राज्य के सबसे ठंडे स्थान रहे, जहां का न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के बाद अधिकतम तापमान में क्रमिक रूप से बढ़ोतरी होगी। वहीं, कल सुबह राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।